# विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र ने हनुमान टेकड़ी पर किया वृक्षारोपण

वर्धा, 1 जुलाई 2018: महाराष्ट्र सरकार के शतकोटी वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत रविवार, 1 जुलाई को महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र ने विश्वविद्यालय परिसर के पास हनुमान



टेकड़ी पर वृक्षारोपण किया। अरण्यऋषि मारुती चितमपल्लि की इस मौके पर विशेष उपस्थिति रही। इस अवसर पर वर्धा के जिलाधिकारी श्री शैलेश नवाल, जिला पुलिस अधीक्षक निर्मला देवी, जिला वन अधिकारी श्री शर्मा जी, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गुल्हाने जी, विधायक डॉ. पंकज भोयर, वर्धा सोशल फोरम के अध्यक्ष अभ्युदय मेघे, प्रजापिता ब्रम्हकुमारी इश्वरीय विश्वविद्यालय की माधुरी दीदी सहित वर्धा की विभिन्न सामाजिक, शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं पर्यावरण से जुड़ी संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने उपस्थित होकर वृक्षारोपण किया। वैद्यकीय जनजागृति मंच की पहल पर यह कार्यक्रम सुबह 6.30 बजे से आयोजित किया गया। मंच के अध्यक्ष डॉ. सचिन पावड़े के मुताबिक इस महीने में पहाडी पर तीन हजार वृक्ष लगाए जाने हैं जिसका प्रारंभ आज बड़ी धूमधाम के साथ किया गया। वृक्षारोपण में विद्यार्थियों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।

---

# -------------------- कुलगुरु प्रो. गिरीश्वर मिश्र यांनी केले वृक्षारोपण मारुती चितमपल्ली यांची विशेष उपस्थिती

वर्धा, 1 जुलै 2018: महाराष्ट्र सरकारच्या शतकोटी वृक्षारोपण अभियाना अंतर्गत रविवार, 1 जुलै रोजी महात्मा गांधी आंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालयाचे कुलगुरु प्रो. गिरीश्वर मिश्र यांनी हनुमान टेकड़ीवर वृक्षारोपण केले.

अरण्यऋषी मारुती चितमपल्ली यांची यावेळी विशेष उपस्थिती होती. यावेळी जिल्हाधिकारी श्री शैलेश नवाल, जिला पुलिस अधीक्षक निर्मला देवी, जिल्हा वन अधिकारी श्री शर्मा, जिल्हा परिषदेचे मुख्य कार्यकारी अधिकारी गुल्हाने

जी, आमदार डॉ. पंकज भोयर, वर्धा सोशल फोरमचे अध्यक्ष अभ्युदय मेघे, प्रजापिता ब्रम्हकुमारी इश्वरीय विश्वविद्यालयाच्या माधुरी दीदी यांच्यासह विविध सामाजिक, शैक्षणिक, सांस्कृतिक आणि पर्यावरणाशी संबंधित संस्थांच्या प्रतिनिधींनी वृक्षारोपण केले. वैद्यकीय जनजागृती मंचच्या वतीने सकाळी 6.30 वाजेपासून आयोजित अभियानात विद्यार्थीही मोठया संख्येने हजर होते. वैद्यकीय जनजागृती मंचचे अध्यक्ष डॉ. सचिन पावड़े यांच्या मते महिनाभरात तीन हजार वृक्ष लावण्यात येणार आहे.